Reg. No. | | | | | | | | | |

BASHDL 231/BSWHDL 231/HRDHDL 231

III Semester B.A./B.S.W./B.A. (HRD) Degree Examination, April 2021
(Choice Based Credit System)
(2020 – 21 Batch Onwards)
COMPULSORY FOUNDATION LANGUAGE – HINDI
(Group – III) (Paper – III)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए। **(5×1=5)**

1) कबीरदास कैसी वाणी बोलने के लिए कहते हैं ?

2) रहीम के अनुसार आँखों में किसकी छवि बसी हुई है ?

3) बिहारीलाल किस राजा के प्रति व्यंग्य करते हैं ?

4) 'श्रद्धा' कविता के कवि कौन है ?

5) नभ में किसका आमंत्रण है ?

II. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(2×5=10)**

1) जाका गुरु भी अंधला चेला है जालंध।
अंधै–अंधा ठेलिया दून्यो कूप पडंत।।

अथवा

मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोई।
जा तन की झाँई परे स्याम हरित दुनि होई।।

2) परस पाकर तुम्हारा ही प्राण
पिघलकर जल बन गया होगा कठिण पाषाण
छू गया तुमसे कि झूने लग पडे शेफलिका के फल
बाँस था कि बबूल..... ?

अथवा

P.T.O.

कहते हैं मुझको वे
सूरज के चेहरे को
डामर से पोत दो
बादल के मैले उस
गदहे पर बिठलाकर
निकालो जुलूस तुम।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2×10=20)**

1) कबीर के दोहों का सार अपने वाक्यों में लिखिए।

अथवा

रहीम के दोहे नीति संबंधी साहित्य में उल्लेखनीय स्थान रखते हैं–इस कथन की पुष्ठि कीजिए।

2) मैथिलीशरण गुप्त द्वारा लिखित 'शिक्षा' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

पठित कविता 'दंतुरित मुस्कान' के माध्यम से कवि के मन की भावनाओं पर प्रकाश डालिए।

IV. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×10=10)**

1) डाक बंगला उपन्यास का सारांश लिखिए।

2) डाक बंगला उपन्यास का सारांश लिखते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

V. किन्हीं **दो** विषयों पर टिप्पणी लिखिए। **(2×5=10)**

1) बतरा

2) शीला

3) मेजर सोलंकी

4) डॉ. चंद्रमोहन

VI. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **5**

1) अपने जन्मदिन के समारोह में निमंत्रण देते हुए मित्र को एक निमंत्रण पत्र लिखिए।

2) सरकारी कार्यालयों में हिन्दी अनुष्ठान के उद्देश्य से भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा एक परिपत्र तैयार कीजिए।

VII. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए : 5

विज्ञापन करने का प्रधान साधन समाचार पत्र है। इससे विज्ञापन देनेवाले, समाचार पत्रों को निकालनेवाले और संबंधी उपभोक्ताओं को जहाँ लाभ होता है वहाँ उससे कहीं अधिक लाभ उन व्यक्तियों को होता है जो समाचार पत्रों को पढ़ते हैं। समाचार पत्र में यदि विज्ञापन न आवे तो उनका मूल्य बहुत कुछ बढ़ जावे जिससे पढ़नेवालों की संख्या भी निश्चित रूप से कम हो जायेगी। विज्ञापन का शिक्षा की दृष्टि से भी अधिक महत्व होता है क्योंकि इससे जनता को बहुत सी ऐसी वस्तुओं के बारे में ज्ञान हो जाता है जो उनको पहले मालूम नहीं रही हो । उदाहरण के लिए कभी-कभी समाचार पत्रों में हम देखते हैं कि बहुत सी दवाइयों के नुस्के आया करते हैं जिससे यह ज्ञात हो जाता है कि अमुक दवाई में कौन-सी वस्तुएँ मिली हैं।

VIII. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5=5)

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है रोटी, कपडा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षरता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितनी अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं, जनसंख्या उसके अनुपात में बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण की आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे होंगे।

प्रश्न :

1) बढ़ती जनसंख्या से किसमें कमी आई है ?

2) हमारा विकास कार्य क्यों दिखाई नहीं देता ?

3) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है ?

4) हमें किसकी वृद्धि पर नियंत्रण करना है ?

5) सरकार के सभी प्रयास क्यों असफल होते हैं ?

IX. अ) **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए। 5

Books are our best friends. They always live with us. They increase our knowledge. Reading developes language efficiency. So we love books.

ಪುಸ್ತಕಗಳು ನಮ್ಮ ಒಳ್ಳೆಯ ಮಿತ್ರರು. ಅವು ಯಾವಾಗಲೂ ನಮ್ಮೊಡನೆ ಇರುತ್ತವೆ. ಅವು ನಮ್ಮ ಜ್ಞಾನವನ್ನು ವೃದ್ಧಿಸುತ್ತವೆ. ಓದುವುದರಿಂದ ಭಾಷಾ ಪ್ರಾವೀಣ್ಯ ಹೆಚ್ಚುತ್ತದೆ. ಆದುದರಿಂದ ನಾವು ಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪ್ರೀತಿಸುತ್ತೇವೆ.

आ) **कन्नड या अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए। 5

बाजार एक ऐसा सार्वजनिक स्थान है, जहाँ खरीदनेवाले और बेचनेवाले अपनी इच्छा की वस्तु खरीदने और बेचने बिना किसी रोकथाम मिलते हैं। गाँवों में साप्ताहिक बाजार लगता है जहाँ विनिमय से व्यापार चलता है। अहमदाबाद के प्रसिद्ध मिल में तैयार हुए स्टैंडर्ड कपड़े के लिए देश भर में बाजार होता है। सोना या चाँदी दुनिया भर में खरीद या बेच सकते हैं। पर तरकारियों या फलों के लिए इतना विशाल बाजार नहीं हो सकता।